1. पुलिस मुख्यालय में वर्ष 1973 में संविधान के अनुच्छेद 17 के तहत हरिजन कल्याण षाखा का गठन किया गया । इसके उपरांत वर्ष 1995 में अनु0जाति/ अनु0जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के पारित होने के पष्चात नियम 8 के तहत मध्यप्रदेष में अनु0जाति/जनजाति कल्याण शाखा का गठन अति. पुलिस महानिदेषक (अजाक) के भारसाधन में किया गया । इसका मुख्य उद्वेष्य अनु.जाति/जनजाति वर्ग के व्यक्तियों पर होने वाले अत्याचार का प्रभावी ढंग से निवारण करना एवं दोषी व्यक्तियो को दण्डित करना था । इस हेतु जिले में सर्वप्रथम वर्ष 1974 में 6 हरिजन कल्याण थानो की स्थापना की गयी । वर्तमान में मध्यप्रदेष के 48 जिलो में अनु.जाति/जनजाति थानो की स्थापना की गयी है । पुलिस मुख्यालय में भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं के विरूद्व घटित होने वाले अपराधों के पर्यवेक्षण हेतु अजाक शाखा एवं महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया । जिसके प्रभारी अधिकारी श्री एम.पी. जार्ज, अति. पुलिस महानिदेशक(अजाक) है । इनके अधीन पुलिस महानिरीक्षक (अजाक) श्री स्वर्ण सिंह है। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अजाक रीवा रेंज रीवा पदस्थ है। वर्तमान में पुलिस अधीक्षक अजाक भोपाल श्री आई.पी. कुलश्रेष्ठ स0म0नि0 अजाक का कार्य भी देख रहे है । fo'ks"k ifyl Fkkuk v-tk-d- 'kgMky dh LFkkiuk fnukd 21-05-1996 l ftyk 'kgMky e dh xbZ gA कार्यालयीन कार्यो हेतु निम्नानुसार कार्यपालिक बल पदस्थ किया गया है ।

dk;kikfyd cy %&

उप पुलिस अधीक्षक	निरीक्षक	उप निरीक्षक	सउनि	प्र.आर	आरक्षक
1	1	2	—	03	12

शासन द्वारा वर्ष 2004 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति एवं महिलाओं के विरूद्व घटित अपराधों के प्रभावी ढंग से पर्यवेक्षण एवं मानीटरिंग हेतु 10 पुलिस अधीक्षक अजाक रेंज के पद स्वीकृत किये गये है । जिन्हें प्रदेष की 10 पुलिस रेज में पदस्थ किया गया है । चूंकि अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत विवेचना का अधिकार मात्र उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को ही दिया गया है । इसलिये प्रदेष के प्रत्येक जिले में उप पुलिस अधीक्षक अजाक–1 के 48 पद तथा उप पुलिस अधीक्षक अजाक–2 (वन स्टेप प्रमोषन के) के 44 पद शासन द्वारा स्वीकृत किये गये है । जिन्हें प्रदेष के विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है । जिलो के अजाक थानो में अनु.जाति/जनजाति वर्ग की षिकायतो पर विधिवत रिपोर्ट लेख कर प्रकरण पंजीबद्व किये जाते है । प्रकरण की विवेचना अधिनियम की धारा 7, द.प्र.स. एवं साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानो के अनुसार उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी द्वारा की जाती है। प्रदेष के सामान्य थानों में भी अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग फरियादियों की रिपोर्ट पर भी विधिवत प्रकरण दर्ज कर संबंधित राजपत्रित अधिकारी द्वारा विवेचना की जा सकती है । इसी प्रकार महिलाओं के विरूद्व घटित अपराधों की रिपोर्ट प्रदेष के महिला थानों के अतिरिक्त किसी भी सामान्य थाने में नियमानुसार लेख की जाती है एवं प्रकरण की विवेचना की जाती है ।

मुख्यालय स्तर पर अजाक शाखा में महिलाओं पर घटित अपराधों की मॉनिटरिंग हेतु पुलिस मुख्यालय में वर्ष 1981 में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है । जहॉ महिलाऍ पुलिस थानो, के अतिरिक्त अपनी षिकायते सीधे महिला प्रकोष्ठ में प्रस्तुत कर सकती है। महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश में महिलाओ पर घटित अपराधिक आकड़ो का संकलन, पर्यवेक्षण एवं समीक्षा की जाती है। महिलाओ एवं अनु.जाति/जनजाति वर्ग पर घटित अपराधों के त्वरित निराकरण एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समय–समय पर पुलिस महानिदेषक/अति0पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है। महिलाओ पर घटित अपराधो की रोकथाम तथा उन्हे त्वरित न्याय दिलाने की दिषा में प्रदेष के 9 जिलो में महिला थाने संचालित किये जा रहे है शेष 39 जिलो तथा एक पुलिस मुख्यालय हेतु 40 महिला थानो की स्थापना हेतु प्रस्ताव शासन के समक्ष विचाराधीन है। प्रदेष में अजा/जजा एवं महिलाओं के प्रति पुलिस अधिकारियों को संवेंदनषील बनाने हेतु पुलिस मुख्यालय, रेंज स्तर तथा जिला स्तर पर पुलिस कर्मियो के लिये विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। प्रषिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न अषासकीय संगठनों की भी सहायता ली जा रही है। सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में अजा/जजा के छोटे–छोटे विवादो को हल करने हेतु प्रदेष के सभी अजाक थानो में सामाजिक न्याय एवं सषक्तिकरण केन्द्रो की स्थापना की गयी है। इसके अतिरिक्त छोटे–छोटे पारिवारिक विवादो के कारण विघटन की कगार पर पहुचे परिवारो को जोडने के उद्वेष्य से प्रदेष के सभी

जिलो में परिवार परामर्ष केन्द्रो की स्थापना की गयी है जिसके सार्थक परिणाम सामने आये है। जिसकी समीक्षा अजाक शाखा द्वारा की जाती है । इसके अतिरिक्त अजा/जजा अधिनियम 1995 की धारा 15 अनुसार अजा/जजा वर्ग के पीडित पक्ष को आकस्मिकता राहत योजना 1995 के नियम 12 (4) अनुसार जिलों में पीडित पक्ष को राहत राषि प्रदान करने हेतु जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं सहायक आयुक्त के अधीन एक कमेटी बनाई गई है जो प्रत्येक माह नियमानुसार पीडित पक्ष को राहत राषि स्वीकृत कर प्रदान करते है । साथ ही पीडित पक्ष को थाने पर बुलाये जाने पर नियमानुसार एक दिवस की दैनिक मजदूरी के बराबर यात्रा एवं भरण पोषण भत्ता प्रदाय किया जाता है ।

अजाक षाखा द्वारा महिलाओं तथा अजा/जजा वर्ग पर घटित अपराधों के संबंध में मासिक अपराध विष्लेषण प्रतिवेदन एवं अजा/जजा अत्याचार निवारण नियम 1995 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रतिवेदन षासन को प्रत्येक माह भेजा जाता है।

2. अजाक शाखा में पदस्थ बल एवं स्वीकृत बल की पदस्थापना कालम 1 में दी गयी है। अजाक शाखा में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को द0प्र0सं0, भारतीय साक्ष्य अधिनियम एवं अजा/जजा अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं अनु0जाति/जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के अनुसार शक्तियॉ प्रदत की गयी है।

3. अजा/जजा वर्ग पर घटित अपराध की सूचना मिलने पर तत्काल अजाक थानो एवं जिले के सामान्य थानो मे प्रकरण पंजीबद्व किये जाते है । इन प्रकरण की विवेचना उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी द्वारा की जाती है । जिनका पर्यवेक्षण पुलिस अधीक्षक/अति0पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जाता है। नियम 6 के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक अथवा उप खन्ड मजिस्ट्रेट या उप पुलिस अधीक्षक द्वारा भी घटना स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया जाता है। पुलिस मुख्यालय स्तर पर अजा/जजा वर्गो एवं महिलाओ पर घटित अपराधो की दैनिक सूचना प्रतिवेदन, स्पेषल रिपोर्ट, प्रगति प्रतिवेदन, पर्यवेक्षण प्रतिवेदन आदि की जानकारी प्राप्त होती है । जिसकी पुलिस मुख्यालय स्तर पर समय–समय पर पुलिस महानिदेषक एवं अति. पुलिस महानिदेषक द्वारा समीक्षा की जाती है । इसी प्रकार इन वर्गो द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रो की भी जांच की जाती है ।

4. अजा/जजा अधिनियम के अन्तर्गत घटित अपराध एवं महिलाओ के विरूद्व घटित अपराधों की विवेचना एवं आवेदन पत्रो की जांच नियमानुसार की जाती है ।

5. अजा/जजा वर्ग पर होने वाले अत्याचारो को रोकने के लिये अनु.जाति/जन.जाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं नियम 1995, भा.द.वि. विभागीय परिपत्र तथा सामान्य पुलिस निर्देषो के अनुसार कार्यवाही की जाती है । इसी प्रकार महिलाओं के विरूद्व अपराधो की रोकथाम हेतु भा.द.वि तथा महिलाओं से संबंधित विभिन्न अधिनियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है। संबंधित अधिनियम एवं परिपत्रो की प्रति संलग्न है ।

6. सभी प्रकार के दस्तावेजो एवं अभिलेखो का विवरण विभाग की रिकार्ड शाखा में व्यवस्थित रूप से उपलब्ध है।

7. अजाक षाखा एवं जिलो में जनता की षिकायतो का निराकरण करने हेतु वरिष्ठ अधिकारी उपलब्ध है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अजाक थानो, परिवार परामर्ष केन्द्र में षिकायत षाखा का गठन किया गया है। जहॉ षिकायत प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाती है।

8. अजा/जजा अत्याचार निवारण नियम 17 के अन्तर्गत प्रत्येक जिले में जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अजा/जजा के चुने हुये सदस्य, जिला स्तरीय सर्तकता एवं मानिटरिग समिति का गठन कर पीडित व्यक्तियों को राहत एवं पुर्नवास सुविधाये उपलब्ध कराई जाती है । इस हेतु मीटिंग आयोजित की जाती है । इसी प्रकार नियम 16 के अन्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति का गठित की गई है। जिसमें जिला दण्डाधिकारी,, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक अजाक, जिला संयोजक सदस्य है। बैठक में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के पीडित व्यक्तियो को राहत, पुर्नवास कार्य एवं अभियोजन आदि के संबंध में जिला स्तर पर निर्णय लिये जाते है । जिसकी जानकारी प्रेस को दी जाती है ।

9. जिला शहडोल के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक), थाना प्रभारी अजाक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारियों के दूरभाष की सूची संलग्न है ।

10. अजाक पुलिस थाना में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन का भुगतान पुलिस कार्यालय शहडोल में कम्प्यूटरीकृत ढंग से किया जाता है।

11. अजाक शाखा से संबंधित जानकारी कम्प्यूटरीकृत की जा रही है।

12. अपेक्षित कार्यवाही की जा रही है।

14. पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा अजाक शाखा में सूचना के अधिकार के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को अपीलीय अधिकारी, प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक अजाक श्री व्ही. के. दुबे (उप पुलिस अधीक्ष्द्वाक मुख्यालय) को लोक सूचना अधिकारी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अजाक श्री एस. के. बैनर्जी को सहायक लोक सूचना अधिकारी घोषित किया गया है। तदनुसार अपेक्षित कार्यवाही की जा रही है।

15. अन्य वांछित जानकारी नियमानुसार प्रदाय किये जाने के प्रबंध किये जा रहे है।

vtkd 'kk[kk] iqfyl eq[;ky;] Hkksiky
lwpuk dk vf/kdkj vf/kfu;e 2005 dh /kkjk 2 df.Mdk 4¼1½ ch dh tkudkjh

1. पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा अजाक शाखा में सूचना के अधिकार के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को अपीलीय अधिकारी, प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक अजाक श्री व्ही. के. दुबे (उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय) को लोक सूचना अधिकारी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अजाक श्री एस. के. बैनर्जी को सहायक लोक सूचना अधिकारी घोषित किया गया है।

2 सूचना के अधिकार के तहत इस अधिनियम के धारा 3 एवं 4 के अन्तर्गत सभी नागरिकों को निम्नलिखित सूचनाये प्राप्त करने का अधिकार है । उपरोक्त समस्त जानकारी को निर्धारित समय में कम्प्यूटर में इन्द्राज किया जाकर इन्टरनेंट से जोडा जायेगा ताकि वह पुलिस विभाग की वैबसाइट पर कही भी आसानी से उपलब्ध हो सके ।

3. अनु0 जाति/ज0जाति अधिनियम के प्रावधानो के अन्तर्गत वर्ष 2005 में वर्तमान में अजाक शहडोल में उप पुलिस अधीक्षक अजाक का पद रिक्त होने से उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री व्ही. के. दुबे कार्य देख रहे हैं। वर्तमान में श्री एस. के. बैनर्जी थाना प्रभारी निरीक्षक अजाक है इनके अधीन उपनिरीक्षक श्री आर. सी. वर्मा, उ.नि.महिला गोदावरी नायक कार्यरत है।

4. इसके अतिरिक्त जिले में स्थापित अजाक थाने में उप पुलिस अधीक्षक, अजाक–1 के 01 पद स्वीकृत है, जो अनूसूचित जाति तथ जन जाति वर्ग के उपर घटित अपराधों का अजा/जजा अत्याचार निवारण अधिनियम तथा भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानो के अनुसार अनुसंधान करते है।

5. जिला स्तर पर महिलाओं पर घटित अपराधों की मॉनिटरिंग हेतु अजाक शाखा में डायजेस्ट संधारित किया जाता है। महिलाओं एवं अजा/जजा पर घटित अपराधो के निराकरण तथा उन पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने एवं महिलाओं तथा अजा/जजा वर्ग के प्रति संवेदनशीलता बरतने हेतु पुलिस मुख्यालय स्तर तथा जिला स्तर पर पुलिस कर्मियो के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। साथ ही महिलाओं को न्याय दिलाने हेतु समय–समय पर विभाग की ओर से समस्त थाना प्रभारियों/अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देष जारी किये गये हैं जिनका पालन भी जिले के पुलिस थानों द्वारा किया जा रहा हैं ।

6 अजा/जजा अधिनियम तथा भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानो के अनुसार उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियो के द्वारा अपराधो की विवेचना संबंधी कार्य किया जाता है ।

7. उप पुलिस अधीक्षक, अजाक द्वारा अजा/जजा वर्ग पर घटित अपराधो का अनुसंधान कर साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में चालान, खात्मा एवं खारिजी संबंधी कार्यवाही की जाती है । जिले के पुलिस अधीक्षक/अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा इन अपराधो का पर्यवेक्षण किया जाता है । उक्त प्रकरणो के अनुसंधान में किसी प्रकार की त्रुटि पायी जाने पर दोषी अधिकारी/कर्मचारी को दण्डित भी किया जाता है।

8. अजा/जजा वर्ग को न्याय दिलाने के उद्वेश्य से अजा/जजा अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रावधानो के अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा जी.ओ.पी. 115/04 एवं 117/04 जारी किया गया है ।

9. अजा/जजा अत्याचार निवारण अधिनियम तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानो के अनुसार कार्यवाही की जाती है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा जी.ओ.पी. 115/04 एवं 117/04 भी जारी किया गया है तथा महिलाओं पर घटित अपराधो के अनुसंधान के संबंध में जी.ओ.पी 116/04 जारी किया गया है ।

10.. जिलों से सबंधित प्रकरणों की डी0एस0आर0, स्पेशल रिर्पोट, पर्यवेक्षण रिर्पोट, प्रगति प्रतिवेदन आदि से सबंधित जानकारी प्राप्त होती है जिनकी समीक्षा की जाती है ।

11.. अजा/जजा अत्याचार निवारण नियम 1995 के 7(3) के अन्तर्गत जिला स्तर पर प्रत्येक माह में अजा/जजा वर्ग पर घटित अपराधो की समीक्षा पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा की जाती है।

12.. जिला स्तर पर अजा/जजा से संबंधित अपराधो के निराकरण के संबंध में समय–समय पर बैठक आयोजित कर जांच कर्ता अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिये जाते है तथा इसी प्रकार अनुविभाग स्तर पर भी बैठक की जाती है । बैठक में आये सुझावों के अनुरूप सक्षम कार्यवाही की जाती है ।

13 अजाक शाखा में पदस्थ अधिकारियो तथा कर्मचारियों की सूची संलग्न है ।

14. अजाक शाखा में पदस्थ कर्मचारियों को शासन द्वारा नियमानुसार वेतन भत्ते आदि दिये जा रहे है। अजा/जजा वर्ग पर घटित अपराधो के आसूचना संकलन हेतु गुप्त सेवा निधि से राशि दी जा रही है। अजा/जजा अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 15 के प्रावधानो के अनुसार अजा/जजा आकस्मिकता राहत योजना 1995 के नियम 12 (4) के अनुसार पीडित पक्ष को राहत राशि प्रदाय करने की कार्यवाही की जाती है । जो जिला स्तर पर दी जाती है ।

15. विशेष घटक योजना की मांग संख्या 64 के अनुसार अजाक शाखा को बजट उपलब्ध कराया जाता है। जानकारी संलग्न है।

16. अजा/जजा वर्ग के जमीनी तथा अन्य छोटे–छोटे विवादो को आपसी परामर्श के माध्यम से हल करने हेतु अजाक थाने में परिवार परामर्ष केन्द्र एवं सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण केन्द्र संचालित किये जा रहे है जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे है ।

अजा/जजा वर्गो में इनके अधिकारो का ज्ञान कराने एवं जागरूकता लाने हेतु जन–चेतना शिविरो का आयोजन भी किया जा रहा है।

17. प्रार्थी/प्रार्थिया को थाने में अत्याचार संबंधी रिपोर्ट करने पर एवं अनुसंधान के दौरान यात्रा भत्ता, भरण पोषण, मजदूरी, चिकित्सा संबंधी सहायता शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये मद से प्रदान किया जाता है।

18. अजाक शाखा से संबंधित जानकारी एकत्रित कर कम्प्यूटर में लोड की जा रही है।

19. इस संबंध में बुकलेट तैयार कर कार्यवाही की जा रही है।

20. अजाक शाखा से संबंधित जानकारी का प्रत्येक वर्ष आवश्यकतानुसार नवीनिकरण किया जावेगा ।

——

ifyl e[;ky;] e/;izns'k Hkksiky
¼vuqlwfpr tkfr@tutkfr izdks"B½
th-vks-ih-Ø- 117@2004 fnukad 29-03-2004

विषयः– अनुसूचित जाति /जनजाति के सदस्यों के विरूद्ध घटित अपराधों की विवेचना।

&&00&&

अनुसूचित जाति /जनजाति के सदस्यों के विरूद्ध उत्पीड़न, प्रताड़ना एवं अत्चार संबंधी प्रकरणों तथा उनके संबंध में तत्काल वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु शासन के निर्णयानुसार समस्त जिलों में (नव निर्मित 03 जिलों क्रमषः अनूपपुर, अषोकनगर एवं बुरहानपुर को छोड़कर) अ.जा.क. थाने स्थापित हैं। इन थानों की कार्यवाही के संबंध में समय समय पर आदेष निर्देष जारी किए गए हैं, किन्तु जिलों में अ.जा.क. थानों के कार्य में एकरूपता का अभाव होने से पूर्व में प्रकाषित आदेषों में समयानुकूल परिवर्तन/परिमार्जन कर संकलित/आदेष जारी किया जाना आवष्यक है। अतः प्रत्येक जिले में (03 नव

निर्मित जिलों को छोड़कर) अ.जा.क. थाने स्थापित किए गए हैं एवं प्रत्येक रेंज में पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' के पद निर्मित किये गये हैं। अतः अब पूर्व में प्रसारित जी.ओ.पी. क्र.93/2001 को संषोधित कर निम्नानुसार निर्देष जारी किये जाते हैंः–

vijk/k iath;u %&

01. धारा 154 द.प्र.सं. के अनुसार ही अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के नियम 5 में थाने में प्राप्त सूचना पर अपराध पंजीबद्ध करने की प्रक्रिया स्पष्ट अंकित की गई है। तदनुसार अनुसूचित जाति /जनजाति का सदस्य अ.जा.क. अथवा सामान्य थाने जहाँ भी वह रिपोर्ट करता है नियमित रूप से अपराध पंजीबद्ध किया जाना चाहिए।

02. जिले में पदस्थ समस्त थाना प्रभारी अपराध पंजीयन की प्रथम सूचना पत्र की प्रति के साथ दैनिक रिपोर्ट एवं विषेष रिपोर्ट अ.जा.क. थाना/ उप पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'', रेंज पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' एवं पुलिस अधीक्षक को भेजेंगे।

03. जिले के सभी थानों से प्राप्त अपराधों का उल्लेख ''अ.जा.क.'' थाने के अपराध पंजीयन रजिस्टर में किया जाकर प्रत्येक माह लंबित सूची बनाई जावें ताकि अपराध से संबंधित आँकड़ों की जानकारी एक साथ उपलब्ध हो सके।

04. गंभीर अपराधों की सूचना वितन्तु संदेष, दूरभाष, फैक्स अथवा ई–मेल के द्वारा तत्काल अ.जा.क. शाखा, उप पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'', रेंज पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' व जिला पुलिस अधीक्षक को दी जावेगी।

05. प्रथम सूचना पत्र में प्रार्थी तथा आरोपी की जाति अनिवार्य रूप से लेख की जानी चाहिए (अ.जा./अ.जा.) भी लिखा जावे साथ ही प्रार्थी के अ.जा./अ.जा. होने के कारण साषय हुई है ऐसा निष्चित हो तो स्पष्ट किया जावे।

foospuk %&

06. थाना प्रभारी अथवा वरिष्ठ पुलिस कर्मी जो भी तत्समय घटना स्थल या रिपोर्ट किये जाने वाले थाने में उपलब्ध है। अपराध पंजीबद्ध करने के तत्काल बाद घटना स्थल की सुरक्षा हेतु घटना स्थल पर पहुँचे तथा विवेचक राजपत्रित अधिकारी के आगमन के समय तक घटना स्थल को समुचित रूप से सुरक्षित बनाये रखे एवं यदि उक्त प्रकरण से संबंधित कोई आरोपी उपलब्ध हो तो उसे भी अभिरक्षा में रखें।

07. अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम 1989) की धाराओं से प्रयुक्त प्रकरणों की विवेचना निष्चित रूप से राजपत्रित अधिकारी द्वारा ही किए जाने के संबंध में माननीय न्यायालयों द्वारा कतिपय विचारित प्रकरणों में यह बिन्दु स्पष्ट किया गया है। अतः इस अधिनियम के तहत की जाने जाने वाली विवेचनाओं को राजपत्रित अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' / संबंधित नगर पुलिस अधीक्षक /पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा भी अनिवार्य रूप से विवेचना की जावे। अराजपत्रित पुलिस अधिकारी को विवेचना के लिए की गई वर्जना का अनिवार्य रूप से पालन किया जावे।

08. अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों की विवेचना के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा यह सुनिष्चित किया जावे कि उप पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' अथवा जिले में पदस्थ अन्य राजपत्रित अधिकारी को एक समय में औसतन रूप से 04 से अधिक विवेचना न सौंपी जावे ताकि अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत विवेचना हेतु निर्दिष्ट समयावधि में प्रकरणों को निराकृत किया जा सके।

09. चूंकि अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों की विवेचना हेतु राजपत्रित अणिकारी ही सक्षम हैं। किन्तु कोई भी अपराध घटित होने के तत्काल बाद अराजपत्रित अधिकारी द्वारा ही घटना स्थल की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही सम्पादित किया जाना समीचीन होता है। अतः पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की जाती है कि वे संबंधित अनुभाग के राजपत्रित अधिकारी/ विवेचक के तत्काल घटना स्थल पर पहुँचकर अग्रिम बैधानिक कार्यवाही करना सुनिष्चित करें।

10. अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अन्तर्गत पंजीबद्ध अपराध विषेष प्रकरण हैं। अतः इनके पंजीबद्ध होने की सूचना संबंधित थाने के द्वारा तत्काल रेंज पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.''/ जिला पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' व क्षेत्रीय राजपत्रित अधिकारी को दी जावे एवं प्रकरणों की विवेचना लगातार की जाकर शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी एवं 30 दिन की समयावधि में अनिवार्य रूप से चालानी कार्यवाही सुनिष्चित की जावे।

11. जिन प्रकरणों में फरियादी अनुसूचित जाति /जनजाति का होकर आरोपी सामान्य वर्ग के हों एवं यदि उस प्रकरण में अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा

नहीं लगाई गई है तो उस प्रकरण का परीक्षण जिला पुलिस अधीक्षक/ रेंज पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' द्वारा किया जावेगा एवं प्रकरण में अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा लगाया जाना उचित है अथवा नहीं का परीक्षण किए जाने के पश्चात ही प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जावेंगे।

i;o{k.k %&

12. अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अन्तर्गत पंजीबद्ध अपराध विषेष प्रकरण माने गए हैं, अतः इन प्रकरणों का पर्यवेक्षण रेंज पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' द्वारा भी किया जावे। पर्यवेक्षण प्रतिवेदन की प्रति अ.जा.क. पुलिस मुख्यालय को पृष्ठांकित की जावे।

ifjc/kkRed dk;okgh %&

13. अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 10 में यह प्रावधान किया गया है कि अपराध कारित करने वाले संभावित व्यक्ति को उस क्षेत्र से हटा दिया जावे ताकि वह अपराध न कर सके।

ऐसे व्यक्ति को हटाए जाने का या हट जाने का आदेष निम्न लिखित परिस्थितियों में दिया जा सकता हैः–

(अ) जब पुलिस रिपोर्ट अथवा परिवाद पर विषेष न्यायालय को यह समाधान हो जावे।

(ब) कोई व्यक्ति संविधान के अनुच्छेद 244 में विनिर्दिष्ट अनुसूचित क्षेत्र या जनजाति क्षेत्र में अपराध करेगा।

(स) कोई व्यक्ति अपराध करने वाला हो जो इस अधिनियम की अध्याय 2 की परिधि में आता है।

14. अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 10 के अन्तर्गत आदेष पारित करने का अधिकार केवल विषेष न्यायालय को है।

15. अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 10 के अन्तर्गत पारित आदेष अधिकतम दो वर्ष तक प्रभावषील रहता है। यह उपबंध अनुसूचित क्षेत्र एवं जनजाति क्षेत्र की तथा उसमें रहने वाले व्यक्तियों को संरक्षण देने के लिए अधिनियमित किया गया है। इस उपबंध का यदि उचित प्रयोग किया जावे तो यह अनुसूचित जाति /जनजाति के हितों की रक्षा करने के लिये सषक्त उपबंध हो सकता है। इस अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गत दिये गये आदेष का पालन नहीं किया जाना धारा 13 के अन्तर्गत दंडनीय है।

16. रेंज पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' का कार्य पर्यवेक्षण कार्य है, अतः उनके द्वारा रेंज अधीनस्थ अ. जा.क. थानों व अन्य थानों का नियमित भ्रमण कर यह सुनिष्चित किया जावे कि अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों की विवेचना में एवं अनुसूचित जाति /जनजाति वर्ग के सदस्यों के द्वारा की जाने वाली षिकायतों के संबंध में अधिनियम की मंषानुसार कार्यवाही की जा रही है अथवा नहीं।

17. अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 17 में अनुसूचित जाति /जनजाति के लोगों पर अत्याचारों के निवारण के लिये निवारक कार्यवाही किये जाने के बारे में प्रावधान किया गया है। इस धारा का मुख्य लक्ष्य अपराध घटित होने से पहले उन्हें रोकने के लिये उपाय कर लेना है। इस धारा में निम्नांकित उपाय किये गये हैं :–

(अ) प्रभावित क्षेत्रों को अत्याचार ग्रस्त क्षेत्र घोषित करना।

(ब) शांति और सदाचार बनाये रखने के लिए कदम उठाना।

(स) सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के लिये योजनाएं बनाना आदि।

18. किसी क्षेत्र को अत्याचार ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का मुख्य उद्देष्य वहाँ निवारक कार्यवाही के लिये आवष्यक कदम उठाये जाने का मार्ग प्रषस्त करना है। धारा 17(1) में दिये गये प्रावधान अनुसार पुलिस अधिकारी को जो उप पुलिस अधीक्षक से कनिष्ठ स्तर का न हो अधिकार है कि उसकी अधिकारिता के क्षेत्र में, किन्हीं ऐसे व्यक्ति का ऐसे व्यक्तियों के समूह द्वारा जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के नहीं हैं, निवास करते हैं या बार बार आते जाते हैं के द्वारा इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध करने की संभावना है या उनके द्वारा अपराध किये जाने की धमकी दी जा रही है तो वह उस क्षेत्र को अत्याचार ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर सकेगा तथा शांति और सदाचार बनाये रखने के लिये आवष्यक निवारक कार्यवराही कर सकेगा।

19. दण्ड प्रक्रिया संहिता के अध्याय 8 से 11 में दिये गये प्रावधानों को कारगर ढंग से उपयोग कर अनुसूचित जाति / जनजाति पर किये जा रहे अत्याचारों को रोकने में काफी सफलता हासिल की जा सकती है।

20. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 17 (3) में उक्त लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुये सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिये विभिन्न योजनायें बनाये जाने के संबंध में व्यवस्था की गई है। इस संबंध में सामान्यतः निम्न योजनायें बनाई जा सकती हैः–

(अ) चिन्हित क्षेत्रों में पुलिस गष्त बढ़ाना।

(ब) दोषी व्यक्तियों को तत्काल गिरफ्तार कर उचित वैधानिक कार्यवाही करना।

(स) पीड़ितों के पुनर्वास की व्यवस्था करना आदि।

f'kdk;r tkp %&

21. थानों पर प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों में यदि प्रकरण का स्वरूप संज्ञेय है तो तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जावे, परन्तु यदि की गई षिकायत का स्वरूप संज्ञेयात्मक नहीं है तो की गई षिकायत की पुष्टि की जा सकती है। आवेदन पत्र जाँच का कोई प्रावधान नहीं है।

22. षिकायत आवेदन पत्र प्राप्त होते ही आदेष पत्र (आर्डर शीट) पर प्रतिदिन की कार्यवाही अंकित की जावे।

23. ऐसे प्रकरण जिनमें अनुसूचित जाति / जनजाति अधिनियम की धारा लगी है उनमें खात्मा या खारजी भेजने से पूर्व उप पुलिस अधीक्षक अ.जा.क. एवं रेंज पुलिस अधीक्षक अ.जा.क. के अनुमोदन की अनिवार्यता होगी।

24. खात्मा अथवा खारजी कता करने पर द.प्र.सं. 173 के अनुसार न्यायालय से स्वीकृत कराना अनिवार्य है।

25. उप पुलिस अधीक्षक अ.जा.क., रेंज पुलिस अधीक्षक अ.जा.क. एवं जिला पुलिस अधीक्षक के मध्य मत विभिन्नता होने पर ऐसे प्रकरण अ.जा.क. शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल को भेजे जावेंगे।

fty: d: lkeU; Fkkuk }kjk fxj¶rkjh e: lg;kx %&

26. अ.जा.क. थाने के अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने में अन्य थानों द्वारा समय पर वांछित सहयोग प्रदान किया जाना चाहिये। आरोपियों की गिरफ्तारी में अनावष्यक विलम्ब न हो। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस संबंध में आवष्यक आदेष / निर्देष जारी करने की प्रक्रिया निर्धारित की जावे।

jkgr i:dj.k %&

27. अनुसूचित जाति / जनजाति (आकस्मिकता राहत योजना) नियम 1995 के अन्तर्गत पीड़ित व्यक्ति को तत्काल राहत दिये जाने का प्रावधान है। नियम 12 (4) के अनुसार ही पीड़ित व्यक्ति को त्वरित राहत प्रदान की जावे।

28. राहत प्रकरण संबंधित विवेचना अधिकारी द्वारा ही तैयार किया जावे।

29. नियमानुसार राहत प्रकरण संबंधी विवेचना अधिकारी द्वारा चालान न्यायालय में प्रस्तुत करने के एक सप्ताह के अन्दर तैयार कर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिला संयोजक को प्रस्तुत किये जावे तथा इसकी सूचना अ.जा.क. थाने में भी दी जावे।

30. जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा माह में एक बार जिलाध्यक्ष से संपर्क कर राहत प्रकरणों को स्वीकृत कराने की कार्यवाही सुनिष्चित की जावेगी ताकि पीड़ित को यथा समय राहत राषि प्राप्त हो सके।

nk"keqfDr %&

31. पुलिस अधीक्षक प्रत्येक तिमाही में दोषमुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। रेंज पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' प्रत्येक माह में दोषमुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा करेंगे एवं दोषमुक्ति में पाई गई त्रुटि के लिये दण्डात्मक कार्यवाही करने की अनुषंसा वरिष्ठ अधिकारी को करेंगे।

lnHkkouk i:th;u %&

32. प्रत्येक थाने में एक सद्‌भावना रजिस्टर रखा जावे जिसमें अनुसूचित जाति / जनजाति एवं सवर्ण के मध्य आपसी विवाद से संबंधित सूचनाएं अंकित की जावे। सूचना के सत्यापन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जावे ताकि कोई आपराधिक कृत्य न हो।

lkekftd U;k; ,o l'kfDrdj.k dUn %&

33. प्रदेष के अ.जा.क. थानों में स्थापित सामाजिक न्याय एवं सषक्तिकरण केन्द्रों में अपासी विवादों को काउंसिलिंग के माध्यम से हल किया जावे एवं इन केन्द्रों पर नियमित बैठकें हो जिसमें भूमि संबंधी एवं अन्य षिकायतों का परामर्ष के द्वारा यथा संभव समाधान किया जावे।

(अ) शासन द्वारा अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग को दिये गये भूमि पट्टों, कृषि भूमि पर स्वतंत्र एवं सुरक्षित कार्य करने का वातावरण बनें। कृषि कार्य में उन पर अन्य वर्ग के लोगों द्वारा जो

सामान्य प्रकार के विवाद/ अवरोध पैदा किये जाते हैं उन सामान्य षिकायतों को परामर्ष के द्वारा सुलझाया जावे।

(ब) अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग के लोगों की कमजोर आर्थिक स्थिति का फायदा उठाते हुये कर्ज राषि पर प्रभावषाली व्यक्तियों द्वारा अधिक ब्याज वसूलने एवं शोषण से संबंधित सामान्य प्रकृति की षिकायतों का परामर्ष द्वारा हल निकालना एवं आर्थिक शोषण से मुक्ति दिलाना।

(स) अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग में एक साथ रहकर बहुत छोटे छोटे मामलों पर लगातार विवाद होता रहता है। इस प्रकार के छोटे छोटे मामले को जो सजातीय हैं उन्हें समय पर परामर्ष के द्वारा सुलझाया जावे।

(द) परामर्ष के पश्चात प्रकरणों पर आवष्यक कार्यवाही करना प्रकरण की प्रकृति के अनुसार अपराध पंजीबद्ध करना या अन्य विभागों को कार्यवाही के लिये सूचित करना।

(ई) रेंज पुलिस महानिरीक्षक अपने क्षेत्र के समस्त प्रकरणों की मानीटरिंग करेंगे साथ ही की गई कार्यवाही एवं प्रभावी कार्यवाही के संबंध में अमल में लाये जाने वाले कदमों के सुझाव सहित प्रतिवेदन रेंज पुलिस अधीक्षकों से प्राप्त कर अपने अभिमत सहित अ.जा.क. शाखा पु.मु. भोपाल को भेजेंगे।

Mk; tLV %&

34. अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अन्तर्गत पंजीबद्ध अपराधों का डायजेस्ट अ.जा.क. थानों में संधारित किया जावेगा। जिले के सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्राधिकार में पंजीबद्ध अपराधों की कायमी, प्रथम सूचना पत्र की प्रति तत्काल और बाद में विवेचना के सान्हे अ.जा.क. थाने को नियमित रूप से भेजेंगे।

35. जिले के संवेदनषील और असंवेदनषील ग्रामों / क्षेत्रों का निर्धारण पुलिस अधीक्षक से कराकर उसकी एक सूची जिले के प्रत्येक थाने में रखी जावे ताकि विवाद की जानकारी प्राप्त होते ही तत्काल प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा सके और आवष्यक हो तो गष्त कराई जा सके।

36. प्रतिवर्ष ऐसे क्षेत्रों का पुनरावलोकन कर सूची को आवष्यकतानुसार संषोधित भी कराई जावे। जिन प्रकरणों की विवेचना उप पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' द्वारा की जा रही है उन प्रकरणों की विवेना में संबंधित सान्हे अ.जा.क. थाने के रोजनामचे में लिखे जावें।

37. अन्य थानों के अपराधों की विवेचना की रिपोर्ट अ.जा.क. थाने के रोजनामचे में अंकित कर सान्हे की प्रति संबंधित थाने को जहाँ प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है भेजी जावे ताकि वहाँ की अपराध पंजी में अधूरी जानकारी न रहे।

38. पुलिस अधीक्षकगण अपने कार्यालय में अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अन्तर्गत पंजीबद्ध अपराधों के संबंध में डायजेस्ट संधारित करेंगे ताकि नियम 7(2) के अनुसार 30 दिन के अन्दर चालान न्यायालय प्रस्तुत किया जा सके। पुलिस अधीक्षक विवेचना अधिकारी को प्रत्येक सप्ताहान्त स्मरण पत्र जारी कर निर्दिष्ट समयावधि में विवेचना पूर्ण कराना सुनिष्चित करेंगे।

39. पुलिस अधीक्षक प्रत्येक माह की क्राईम मीटिंग अनुसूचित जाति /जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों की समीक्षा करेंग तथा विवेचना में विलंब हेतु संबंधित विवेचनाकर्ता का स्पश्टीकरण प्राप्त कर यदि विवेचना अधिकारी द्वारा जानबुझकर उपेक्षा की गई है तो दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण अ.जा.क. शाखा पु.मु. को अनुषंसित करेंगे।

40. सामान्यतः ऐसे प्रकरणों की संख्या नगण्य ही होती है जिनकी विवेचना किन्हीं कारणों से 30 दिन में पूर्ण न होकर चालान न्यायालय में पेष किया जाना संभव न हो सके। फिर भी अपवाद स्वरूप यदि कोई प्रकरण है तो अ.जा.क. शाखा पु.मु. भोपाल से परामर्ष लिया जा सकता है ताकि अविलंब निराकरण संभव हो सके।

41. प्रायः इस प्रकार की षिकायतें प्राप्त होती रहती हें कि थाना प्रभारीगण अनुसूचित जाति /जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के साथ मारपीट की सूचना को असंज्ञेय रूप से लिख देते हैं वास्तव में अगर कोई व्यक्ति जो अनुसूचित जाति /जनजाति वर्ग का नहीं है सदोष इस प्रकार कार्य करता है तो तत्काल उचित वैधानिक कार्यवाही की जानी चाहिए।

vlK; fjikV dk m-i-v- ^^v-tk-d-** dk Hktu dk nkf;Ro ,oa rLnhd %&

42. अनुसूचित जाति /जनजाति वर्ग के व्यक्तियों की असंज्ञेय षिकायत / रिपोर्ट जो रोजनामचे में अंकित की गई हो की प्रतिलिपि संबंधित थाना प्रभारी अविलंब उप पुलिस अधीक्षक''अ.जा.क.'' तथा थाना अ.जा.क. को भेजेंगे।

43. उप पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' अथवा थाना प्रभारी अ.जा.क. तत्संबंध में रोजनामचे में उक्त रिपोर्ट की सत्यापन रिपोर्ट अंकित करेंगे।

44. जिन प्रकरणों में सत्यापन पर अपराधों का होना पाया जाता है उन्हें अ.जा.क. थानों में पंजीकरण कर नियमानुसार विवेचना प्रारंभ कर प्रतिवेदन संबंधित पुलिस अधीक्षक को भेजेंगे ताकि आवष्यकतानुसार कार्यवाही की जा सके।

Fkkuk dk fujh{k.k %&

45. वर्ष में दो बार उप पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' अपने अधीनस्थ अ.जा.क. थाने का निरीक्षण करेंगे जो कि छःमाही होगा, जबकि रेंज पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' /जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सामान्यतः एक बार वार्षिक निरीक्षण किया जावेगा। उप पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' निरीक्षण टीप रेंज पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' /जिला पुलिस अधीक्षक को भेजेंगे। रेंज पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' एवं जिा पुलिस अधीक्षक अपनी निरीक्षण टीप रेंज पुलिस महानिरीक्षक के माध्यम से अ.जा.क. शाखा पु.मु. भेजेंगे।

रेंज पुलिस महानिरीक्षक एवं उप पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रेंज अधीनस्थ जिलों के भ्रमण के दौरान यथा संभव अ.जा.क. थानों का आकस्मिक निरीक्षण कर समुचित निर्देष देते हुए भ्रमण टीप अ.जा.क. शाखा पु.मु. भोपाल को पृष्ठांकित की जावे।

v-tk-d Fkkuk e inLFkkiuk %&

46. अ.जा.क. थानों में अच्छे अभिलेख एवं अच्छी मानसिकता वाले अधिकारी / कर्मचारी की पदस्थापना की अपेक्षा की जाती है।

lkekU; M;fV;k u yxkuk ckcr %&

47. उप पुलिस अधीक्षक ''अ.जा.क.'' एवं अ.जा.क. थानों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामान्य रात्रि गष्त एवं कानून व्यवस्था आदि की ड्यूटी में नहीं लगाया जावें। यदि ड्यूटी में लगाया जाना आवष्यक हो तो इस संबंध में अ.जा.क. शाखा पु.मु. से अनुमोदन प्राप्त किया जावे।

ifyl e[;ky;] e/; in'k Hkkiky
vuqlfpr tkfr@tutkfr ,o efgyk dY;k.k ikdk"B
¼th-vk-ih-Ø- 93@2001 fnukd 23-03-2001½

विषयः– अ0जा0क0 थानों के कार्य में एकरूपता लाने हेतु दिषा निर्देष ।

अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्यों के प्रताड़ना संबंधित प्रकरणों तथा उनके संबंध में तत्काल वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु वर्ष 1996 में शासन के नीतिगत निर्णय के अनुसार सभी जिलों (नये जिलों को छोड़कर) अ0जा0क0 थाने स्थापित होकर कार्यरत हैं। इन थानों की कार्यवाही के संबंध में समय समय पर आदेष/ निद्रेष जारी किये गये हैं, किन्तु जिलों में अ0जा0क0 थानों के कार्य में एक रूपता के अभाव को देखते हुये यह आवष्यक हो गया है कि पूर्व प्रेषित आदेष/निर्देषों में समयानुकूल आवष्यक परिवर्तन, संषोधन तथा परिमार्जन कर संकलित आदेष/निर्देष जारी किये जावें। वैसे भी हर जिले में (नये जिलों में प्रस्तावित) में अ0जा0क0 थाने बन जाने के कारण विस्तृत आदेष/निर्देष आवष्यक हो गये हैं ताकि अजाक थाने भली प्रकार कार्य करें। तदनुसार अजाक थानों के संबंध में पूर्व प्रसारित आदेषों/निर्देषों को निरस्त कर यह मेनुअल (अजाक) जारी किया जाता है।

2- v/kkfyf[kr fcUnvk dk /;ku j[kk tkuk pkfg,

vijk/k iath;u

01. धारा 154 भा0द0प्र0सं0 के अनुसार ही अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के नियम 5 में थाने पर प्राप्त सूचना पर अपराध पंजीबद्ध करने की प्रक्रिया स्पष्ट की गई है। तदनुसार अनुसूचित जाति/ जनजाति का व्यक्ति अ.जा.क. अथवा सामान्य थानों जहां भी वह रिपोर्ट करता है। नियमित अपराध पंजीबद्ध किया जाना चाहिये।

02. अन्य थाना प्रभारी अपराध पंजीयन की सूचना प्रथम सूचना पत्र की प्रति के साथ दैनिक रिपोर्ट एवं विषेष रिपोर्ट के माध्यम से अ.जा.क. थाना/ उप पुलिस अधीक्षक अजाक/ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को भेजेंगे।

03. अन्य थानों से प्राप्त अपराधों का उल्लेख अ.जा.क. थाने की अपराध पंजी में किया जाकर प्रतिमाह अपराधों की लंबित सूची बनाई जायेगी ताकि अपराध आंकड़े की जानकारी एक साथ उपलब्ध हो सके।

04. गंभीर अपराध प्रकरणों की सूचना दूरभाष पर अथवा वितन्तु संदेष के द्वारा तत्काल अ.जा. क. थाना / उप पुलिस अधीक्षक अ.जा.क./ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक को दी जावेगी।

05. प्रथम सूचना पत्र में प्रार्थी तथा आरोपी की जाति अनिवार्य रूप से इंगित की जानी चाहिये। साथ ही प्रार्थी के अनुसूचित जाति/ जनजाति होने के कारण ही घटना हुई इसे स्पष्ट किया जाना चाहिये।

foopuk&

01. थाना प्रभारी यदि वह उपस्थित है अथवा अन्य वरिष्ठ पुलिस कर्मी जो उपलब्ध है अपराध कायमी के तत्काल बाद प्रकरण की तत्कालिक विवेचना एवं अन्य कार्यवाही घटना स्थल पर पहुंचकर करेंगे। तदुपरान्त विवेचक प्रकरण की केष डायरी अग्रिम विवेचना हेतु स्थानीय पुलिस अधीक्षक अ.जा.क. अथवा नगर पुलिस अधीक्षक अथवा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अथवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी के मौके पर पहुंचते ही सौंपेगा।

02. उप पुलिस अधीक्षक अ.जा.क. अथवा नगर पुलिस अधीक्षक अथवा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अथवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचते ही विवेचना हस्तगत कर पूर्व विवेचना अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही की तस्दीक करेंगे। प्रारंभिक विवेचना में अगर उप पुलिस अधीक्षक से नीचे स्तर के पुलिस अधिकारी द्वारा की गई। जप्ती तथा कार्यवाही पंचनामा मान्य होगी किन्तु उप पुलिस अधीक्षक अथवा उनसे नीचे स्तर के अधिकारी द्वारा विवेचना अपने हाथ में लेने पर पूर्व अधिकारी द्वारा लिये गये समस्त कथनों को उनके द्वारा पुनः लिया जावेगा। उनके द्वारा तत्संबंध में विस्तृत विवरण केष डायरी में अंकित किया जावेगा।

03. अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अन्तर्गत पंजीबद्ध अपराध विषेष प्रतिवेदन प्रकरण हैं। अतः अपराध पंजीबद्ध होने की सूचना प्राप्त होते ही उप पुलिस अधीक्षक अ.जा.क. अथवा नगर पुलिस अधीक्षक अथवा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर थाना प्रभारी से विवेचना हस्तगत करेंगे ओर अग्रिम विवेचना लगातार कर शीघ्रातिषीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी कर 30 दिन की अवधि में चालानी कार्यवाही सुनिष्चित करेंगे।

04. अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अन्तर्गत पंजीबद्ध अपराध प्रकरणों की विवेचना अनुसूचित जाति/ जनजाति के 1995 के नियम 07 (2) अनुसार उप पुलिस अधीक्षक अथवा उससे उच्च स्तर के अधिकारियों द्वारा ही की जाना है। अतः सामान्यतः जिलों में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक अ.जा.क. द्वारा प्रकरण की विवेचना की जावेगी। उप पुलिस अधीक्षक अ.जा.क. के उपलब्ध न होने के कारण जिले में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक अथवा नगर पुलिस अधीक्षक अथवा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में प्रकरण की विवेचना की जावेगी।

05. उप पुलिस अधीक्षक अ.जा.क., अ.जा.क. थानों में अधिनियम के अन्तर्गत पंजीबद्ध सभी प्रकरणों की विवेचना करेंगे।

06. कुछ प्रकरण ऐसे हो सकते हैं जिनमें अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारायें नहीं लगी है किन्तु आवेदक अजा/ जजा का है एवं आरोपी सवर्ण जाति का हो। ऐसे प्रकाणों की विवेचना संबंधित थाना प्रभारी स्वयं करेंगे।

07. इन प्रकरणों का पर्यवेक्षण जिले के उप पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अथवा नगर पुलिस अधीक्षक ही अपने अधिकार क्षेत्र में करेंगे।

08. अगर किसी अपराध विषेष की विवेचना अ.जा.क. थाने से कराई जाना संबंधित पुलिस अधीक्षक आवष्यक समझते हैं तो कारण दर्षाते हुये अत्रजा.क. मुख्यालय से इसकी अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् ही विवेचना अ.जा.क. थाने को दे सकेंगे। किन्तु तब तक स्थानीय थाना प्रभारी उसकी नियमित विवेचना आदि की कार्यवाही करेंगे।

09. अन्य थानों से प्राप्त प्रकरणों की अ.जा.क. थाने की अपराध पंजी में अंकित कर विवेचना आदि के संबंध में अन्य प्रकरणों के समान अपटूडेट जानकारी रखी जावेगी।

i;o{k.k&

10. अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत पंजीबद्ध अपराध विषेष प्रतिवेदन प्रकरण माने गये हैं। अतः इन अपराधों का पर्यवेक्षण पुलिस अधीक्षक/ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा ही किया जाना होगा।

11. पर्यवेक्षण प्रतिवेदन की प्रतिलिपि अ.जा.क. मुख्यालय को भी पृष्ठांकित की जावेगी।

ifrc/kd dk;okgh&

12. अधिनियम की धारा 10 में यह प्रावधान किया गया है कि अपराध कारित करने के लिये संभावित व्यक्ति को उस क्षेत्र से हटा दिया जाये ताकि उसे वहां अपराध करने का मौका न मिल सके।

ऐसे व्यक्ति को हटाये जाने का या हट जाने का आदेष निम्नांकित परिस्थितियों में दिया जा सकता हैः–

01. जब पुलिस रिपोर्ट या परिवाद पर विषेश न्यायालय को यह समाधान हो जाये ।

02. कि कोई व्यक्ति संविधान के अनुच्छेद 244 में विनिर्दिष्ट अनुसूचित क्षेत्र या जनजाति क्षेत्र में।

03. ऐसा कोई अपराध कारित करने वाला है। जो इस अधिनियम के अध्याय 2 की परिधि में आता है।

इस धारा के अंतर्गत आदेष पारित करने का अधिकार केवल विषेष न्यायालय को है। विषेश न्यायालय भी आदेष केवल तभी पारित कर सकता है। जब उसके सामने कोई परिवाद, कम्प्लेंट या पुलिस रिपोर्ट विद्यमान हों।

13. अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गत पारित आदेष अधिकतम 02 वर्ष तक प्रभावषील रहता है। यह उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों एवं जनजाति क्षेत्रों की तथा उसमें रहने वाले व्यक्तियों को संरक्षण देने के लिये अधिनियमित किया गया है। इस उपबंध को यदि उचित प्रयोग किया जाये तो यह अनुसूचित जनजातियों के हितों की रक्षा करने के लिये सषक्त उपबंध हो सकता है। इस अधिनियम की धारा 10 के अंतर्गत दिये गये आदेष को पालन नहीं किया जाना धारा 13 के अंतर्गत दण्डनीय है।

14. धारा 17 अत्याचार निवारण अधिनियम में अनुसूचित जाति/ जनजाति के लोगों पर अत्याचारों के निवारण के लिये निवारक कार्यवाही किये जाने के बारे में प्रावधान किया गया है। इस धारा का मुख्य लक्ष्य अपराध घटित होने से पहले ही उन्हें रोकने के लिये उपाय कर लेना है। इस धारा में निम्नांकित उपाय किये गये हैंः–

01. प्रभावित क्षेत्र को अत्याचार ग्रस्त क्षेत्र घोषित करना।

02. शांति और सदाचार बनाये रखने के लिये कदम उठाना एवं ।

03. सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिये स्कीम बनाना आदि।

किसी क्षेत्र को अत्याचार ग्रस्त क्षेत्र घोशित करने का मुख्य उद्देष्य वहां निदान कार्यवाही के लिये आवष्यक कदम उठाये जाने का मार्ग प्रषस्त करना है। धारा 17 (1) में दिये गये प्रावधान अनुसार पुलिस अधिकारी को भी जो उप पुलिस अधीक्षक के स्तर से नीचे का न हो अधिकारी है कि उसकी अधिकारिता के क्षेत्र में किसी ऐसे व्यक्ति या व्यक्त्यिों के समूह द्वारा जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के नहीं हैं। निवास करते हैं या बार बार आते जाते हैं। इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध करने की संभावना है या उन्होंने अपराध करने की धमकी दी है तो वह उस क्षेत्र को अत्याचार ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर सकेगा तथा शांति और सदार बनाये रखने के लिये आवष्यक निवारक कार्यवाही कर सकेगा।

15. द0प्र0सं0 के अध्याय 8, 10, 11 में दिये गये प्रावधानों को कारगर ढंग से उपयोग कर अनुसूचित जनजातियों पर किये जा रहे अत्याचारों को रोकने में काफी सफलता हासिल की जा सकती है।

16. धारा 17(3) में उक्त लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुये सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिये विभिन्न स्कीमें बनाये जाने के बारे में व्यवस्था की गई है। इस संबंध में सामान्यतः निम्नांकित स्कीमें बनाई जा सकती हैः–

01. अत्याचार ग्रस्त क्षेत्रों में पुलिस का गष्त बढ़ा देना।

02. दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करना।

03. पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास की प्व्यवस्था करना आदि।

17. भूमि सुधार, राजनैतिक गुटवाद और सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व के कारण अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जनजातियों पर संगठित रूप से सामुहिक हिंसा होने लगी है। इस

प्रकार की स्थिति से निपटने के लिये अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 16 द्वारा राज्य सरकार को सामुहिक जुर्माना अधिरोपित करने की शक्ति प्रदान की गई है।

18. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 10 क से यह स्पष्ट है कि सामुहिक जुर्माना उसी मामलों में अधिरोपित किया जाता है जहां किसी गांव अथवा क्षेत्र के निवासियों ने मिलकर सामुहिक रूप से ?

01. कोई अपराध कारित किया हो अथवा
02. दुष्प्रेरण किया हो अथवा
03. अपराधियों को संश्रय दिया हो अथवा
04. अपराधियों को पकड़वाने एवं पता लगाने में अपनी शक्ति के अनुसार सहायता नहीं की हो अथवा
05. अपराध के साक्ष्य को छिपाया, दबाया या नष्ट किया हो।

अनुसूचित जातियों/जनजातियों पर की गई सामुहिक हिंसा के संदर्भ में सामुहिक जुर्माना एक सषक्त और प्रभावी निवारक उपाय हो सकता है।

Mk; tsLV:–

19. अजाक अपराध का डायजेस्ट अजाक थाने में संधारित किया जावेगा। जिले के सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्राधिकार में पंजीबद्ध अपराध प्रकरणों की कायमी प्रथम सूचना पत्र की प्रति तत्काल और बाद में विवेचना के सान्हे अजाक थाने को नियमित रूप से भेजेंगे। उप पुलिस अधीक्षक ''अजाक'' अपने जिलों के डायजेस्ट का अद्यतन होना सुनिष्चित करेंगे।

20. वे जिले के संवेदनषील और अतिसंवेदनषील ग्रामों/ क्षेत्रों का निर्धारण पुलिस अधीक्षक से करा उसकी एक सूची अजाक थाने में उपलब्ध रखेंगे ताकि विवादों की जानकारी प्राप्त होते ही प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अविलंब की जा सके और आवष्यक हो तो गष्त कराई जा सके या अस्थाई रूप से पुलिस बल लगाया जा सके।

21. प्रतिवर्ष माह जनवरी में पुनरावलोकन कर सूची को आवष्यकतानुसार संषोधित भी करायेंगे।

22. जिन प्रकरणों की विवेचना उप पुलिस अधीक्षक ''अजाक'' तथा अजाक थाना प्रभारी द्वारा की जा रही है उन प्रकरणों के विवेचना से संबंधित सान्हें अजाक थाने के रोजनामचे में ही लिखे जावेंगे।

23. अन्य थानों के अपराध की विवेचना की रिपोर्ट अजाक थाने के रोजनामचे में अंकित कर सान्हे की प्रति संबंधित थाने जहां से अपराध प्रकरण पंजीबद्ध होकर आया है को भेजी जावेगी ताकि वहां के अपराध पंजिका में अधूरी जानकारी न रहे।

24. अनुसूचित जाति/ जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 23 की उपधारा 1 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत अनुसूचित जाति/ जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के नियम 7(2) के अधीन 30 दिन के अंदर अन्वेषण पूरा करने की अनिवार्यता है। विवेचना अधिकारी इसका पालन करेंगे।

25. पुलिस अधीक्षक त्रुटिकर्ता अधिकारी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही कर प्रतिवेदन रेंज पुलिस महानिरीक्षक को भेजेंगे तथा इसका उल्लेख पाक्षिक प्रतिवेदन में करेंगे।

iqfyl v/kh{kd dk fo'ks"k drZ;%&

26. राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति/ जनजाति पर होने वाले उत्पीड़न के संबंध में त्वरित तथा प्रभावी कार्यवाही के लिये जिला पुलिस अधीक्षकों को उत्तरदायी माना है। अतः पुलिस अधीक्षकगण का यह दायित्व है कि तदनुसार कार्यवाही करें।

27. पुलिस अधीक्षकगण अपने कार्यालय में अनुसूचित जाति/ जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अंतर्गत पंजीबद्ध अपराधों के संबंध में डायजेस्ट संधारित करेंगे ताकि नियम 7(2) के अनुसार 30 दिन के अंदर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जा सके।वे 15 वें दिन को पहला तथा 21 वें दिन का दूसरा स्मरण पत्र विवेचना पूर्ण करने हेतु जारी करेंगे।

28. प्रकरण की समीक्षा स्वयं डायरी /विवेचक को बुलाकर प्रकरण का त्वरित निराकरण करायेंगे। विलंब हेतु विवेचना अधिकारी का स्पष्टीकरण भी प्राप्त करेंगे, जिन प्रकरणों में 30 दिन के अन्दर चालान न्यायालय में प्रस्तुत नहीं कराया जा सकता, उन प्रकरणों की समीक्षा जिले में प्रतिमाह होने वाली क्राईम मीटिंग में कर ली जाये ताकि संबंधित विवेचना अधिकारी को दिषा निर्देष जारी किये जा सकें तथा जिन विवेचना अधिकारियों की जानबूझकर उपेक्षा करने की लापरवाही पायी जाती है उनके विरूद्ध अधिनियम की धारा 4 का सामयिक प्रयोग करते हुये कार्यवाही की जा सकती है।

29. सामान्यतः ऐसे प्रकरण नगण्य ही होते हैं जिनकी विवेचना 30 दिन में पूर्ण कर चालान पेष किया जाना संभव न हो सके। फिर भी अपवाद स्वरूप अगर ऐसा कोई प्रकरण है तो अजाक मुख्यालय से परामर्ष लिया जा सकता है ताकि अविलंब निकाल संभव हो सके।

30. प्रायः इस तरह की षिकायतें प्राप्त होती रहती हैं कि थाना प्रभारीगण अनुसूचित जाति/ जनजाति के व्यक्तियों के साथ मारपीट की सूचनाओं को असंज्ञेय रूप में लिख देते हैं। वास्तव में अगर कोई व्यक्ति जो अनुसूचित जाति/ जनजाति के सदस्य नहीं हैं अनुसूचित जाति/ जनजाति के व्यक्ति के साथ सदोष अपराध करता है तो तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिए।

vne nLrnkth fjikVk dk mi iqfyl v/kh{kd ^^vtkd**@ Fkkuk iHkkjh vtkd dk Hkstuk dk nkf;Ro ,o rLnhd %&

31. अनुसूचित जाति/ जनजाति के व्यक्तियों की असंज्ञेय षिकायत/ रिपोर्ट जो रोजनामचे में अंकित की गई हो की प्रतिलिपि संबंधित थाना प्रभारी अविलंब उप पुलिस अधीक्षक ''अजाक'' तथा अजाक थाना को भेजेंगे।

32. उप पुलिस अधीक्षक ''अजाक'' अथवा थाना प्र्भारी ''अजाक'' तत्संबंध में रोजनामचे में सत्यापन रिपोर्ट अंकित करेंगे।

33. जिन प्रकरणों में सत्यापन पर अपराध का होना पाया जाता है, उनमें अजाक थाने में अपराध पंजीबद्ध कर नियमानुसार विवेचना प्रारंभ कर प्रतिवेदन अजाक मुख्यालय भेजते हुये प्रतिलिपि संबंधित उप पुलिस अधीक्षक को भेजेंगे ताकि आवष्यकतानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जा सके।

f'kdk;rks dh tkap%&

34. अनुसूचित जाति/ जनजाति के व्यक्तियों पर जातियों एवं अत्याचार से संबंधित षिकायतों की उच्च प्राथमिकता के आधार पर जांच की जावेगी, त्वरित षिकायत जांच नहीं कराने से जहां पीड़ित व्यक्ति को समय पर न्याय नहीं मिलता वहीं दूसरी ओर शासन को निर्धारित समय पर उत्तर भेजने में परेषानी होती है।

35. षिकायत/ आवेदन पत्र प्राप्त होते ही आदेष पत्र (आर्डरषीट) पर दिन प्रतिदिन की कार्यवाही अंकित करना उपयोगी होगा।

[kkRek ,o [kkjth Hkkth tkus ds iwo mi iqfyl v/kh{kd ^^vtkd** ds vuqeknu dh vfuok;Zrk :–

36. अनुसूचित जाति/ जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989के प्रकरणों में खात्मा एवं खारजी बिना उप पुलिस अधीक्षक ''अजाक'' की अनुमति के नहीं भेजी जावेगी।

37. उप पुलिस अधीक्षक''अजाक''और पुलिस अधीक्षक के बीच मत भिननता होने पर ऐसे प्रकरण पुलिस मुख्यालय ''अजाक'' शाखा भोपाल को भेजे जायेंगे।

lkekU; Fkkuks dk fxj¶rkjh esa lg;ksx%&

38. अजाक थाने के अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा आरोपियों को बंदी बनाने में अन्य थानों द्वारा समय पर वांछित सहयोग प्रदान किया जाना चाहिये। ताकि आरोपियों की गिरफ्जारी में अनावष्यक बिलम्ब न हो। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस संबंध में आवष्यक आदेंष/ निर्देष जारी कर प्रक्रिया निर्धारित की जावेगी।

jkgr ds izdj.kks dk rS;kj dj Lohd`r djkus dh ftEesnkjh%&

39. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (अत्यावचार निवारण) अधिनियम 1989 सहपठित अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (अत्यावचार निवारण) नियम 1995 की आकस्मिकता योजना तथा योजना 1005 के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति को तत्काल राहत दिये जाने का प्रावधान है किन्तु पर्याप्त ध्यान के अभाव में काफी बड़ी संख्या में राहत प्रकरण लंबित रहते हैं और पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित राहत नहीं मिल पाती है।

40. नियमानुसार राहत प्रकरण संबंधित विवेचना अधिकारी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी/ उप पुलिस अधीक्षक अजाक/ नगर पुलिस अधीक्षक 15 दिनों में तैयार कर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से स्वीकृत हेतु जिला संयोजक /जिलाध्यक्ष को प्रस्तुत करेंगे। इसकी सूचना अजाक थानों में भी देंगे। ताकि राहत प्रकरणों का लेखा जोखा संधारित किया जा सके।

41. पुलिस अधीक्षक रूचि लेकर जिलाध्यक्ष से सम्पर्क कर राहत प्रकरणों के तत्परता से स्वीकृत करायेंगे एवं यह भी सुनिष्चित करेंगे कि राहत पीड़ित व्यक्ति को समय पर वितरित हो।

nks"keqfDr ds izdj.kksa dh leh{kk%&

42. पुलिस अधीक्षक प्रत्येक तिमाही दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा करेंगे साथ ही दोषमुक्ति में पाई गई त्रुटि के लिये संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिष्चित करेंगे।

vtkd Fkkuk e jftLVjk@vfHky[kk dk l/kkj.k%&

43. अजाक थानों में निम्न रजिस्टरों को संधारित किया जावेगा :–

